नकली पान मसाला बनाकर बेचता था सरकारी टीचर, पुलिस ने ऐसे पकड़ा!

Fake Pan Masala Jodhpur: पान मसाला का कल्चर (Culture) भारत के कई राज्यों में है. कई बड़ी कंपनियां इस धंधे में हैं. लेकिन इन बड़ी और लोकप्रिय कंपनियों के नकली माल भी बड़े पैमाने पर तैयार कर बाजार में खपाई जा रही है. ऐसे एक मामले का खुलासा मंगलवार को राजस्थान (Rajasthan) के जोधपुर (Jodhpur) जिले में हुआ है. यहां नकली पान मसाला के विरुद्ध जोधपुर आयुक्तालय पुलिस ने बड़ी कारवाई करते हुए नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री (Pan Masala Factory) का भंडोफोड़ किया है. पुलिस ने भारी मात्रा में कच्चा माल, रैपर और मशीनें भी जब्त की है. साथ ही एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है. बताया गया कि नकली पान मसाला बनाने वाला शख्स सरकारी शिक्षक (Government Teacher) है.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/videos/government-teacher-used-to-make-and-sell-fake-pan-masala-police-caught-him-like-this-759400